पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर (छ.ग.)

E-Mail : rsuexam@gmail.com

क्र.2066/परीक्षा/प्रवेश/2022 रायपुर, दिनांक 27/07/2022

// अधिसूचना //

विश्वविद्यालयीन पूर्व प्रेषित अधिसूचना क्रमांक 2043/परीक्षा/प्रवेश/2022 रायपुर,दिनांक 22/07/2022 एवं अधि.क्र.1983/परीक्षा/प्रवेश/2022 रायपुर,दिनांक 13/07/2022 के द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया विभिन्न चरणों में जारी है, जिसमें स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में छात्र पंजीयन कर नियमित छात्र के रूप में प्रवेश हेतु प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त अग्रलिखित छात्रों को महाविद्यालय के प्राचार्य छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग रायपुर द्वारा जारी प्रवेश मार्गदर्शिका 2022–23 एवं विश्वविद्यालय के नियमानुार प्रवेश देंगे।

1. स्नातक द्वितीय एवं अंतिम, स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष तथा सेमेस्टर पद्धति के अगले सेमेस्टर में नियमित परीक्षार्थियों को परीक्षा परिणाम घोषित होने के 10 दिवस के भीतर महाविद्यालय के प्राचार्य नियमानुसार प्रवेश देंगे।
2. पूरक प्राप्त विद्यार्थियों को महाविद्यालय के प्राचार्य अपने स्तर पर ऑफलाइन माध्यम से अस्थाई प्रवेश देंगे।
3. अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थी के रूप में उत्तीर्ण छात्रों को महाविद्यालय में स्थान रिक्त होने पर महाविद्यालय के प्राचार्य ऑफलाइन के माध्यम से नियमानुसार प्रवेश देंगे।
4. विश्वविद्यालय के क्षेत्रातंर्गत सेमेस्टर परीक्षाओं में एक महाविद्यालय से दूसरे महाविद्यालय में स्थानातरण के संबंध में महाविद्यालय के प्राचार्य विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचना क्र.5048/अका./कार्य.प./2017 रायपुर,दिनांक 07/10/2017 का अवलोकन कर नियमानुसार प्रवेश देंगे।
5. वार्षिक पद्धति में एक महाविद्यालय से दूसरे महाविद्यालय में स्थानांतरित होने वाले छात्रों को महाविद्यालय के प्राचार्य नियमानुसार ऑफलाइन प्रवेश देंगे एवं उनका विवरण विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पोर्टल में अपलोड करेंगे।
6. क्र.02 एवं 03 में ऑफलाइन प्रवेशित छात्रों की सूची महाविद्यालय के प्राचार्य प्रवेश देने के पश्चात विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पोर्टल में अपलोड करेंगे।

आदेशानुसार,

(हस्ताक्षर) 26/7/22

कुलसचिव

पृ.क्र.2067/परीक्षा/प्रवेश/2022 रायपुर, दिनांक 27/07/2022

प्रतिलिपिः–

1. सचिव माननीय राज्यपाल, राजभवन,रायपुर,
2. माननीय उच्च शिक्षा मंत्रीजी के विशेष सहायक,
3. सचिव, उच्च शिक्षा महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल–नगर,
4. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल–नगर,
5. प्रभारी, जनसंपर्क अधिकारी/अधिष्ठाता, छात्र–कल्याण, पं.र.शु.वि.वि.,रायपुर,
6. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, पं.र.शु.वि.वि.,रायपुर।
7. संचालक, राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ मर्यादित, रॉची (झारखंड) को आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
8. प्रभारी, कम्प्यूटर सेंटर, पं.र.शु.वि.वि.,रायपुर को इस सूचना के साथ कि उक्त अधिसूचना को वि.वि. के वेबसाईट में अपलोड करने का कष्ट करे।

Con..2

8. संपादक, समस्त स्थानीय समाचार–पत्र रायपुर अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
9. कुलपति के सचिव / कुलसचिव के निजी सहायक,प0र0शु.0वि.वि0,रायपुर को सूचनार्थ।

प्रभारी अधिकारी (परीक्षा)
26.7.2022